## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**Q.1) 'चैलेंजर डीप' (Challenger Deep) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. यह पश्चिमी अटलांटिक महासागर में स्थित है।
2. यह महासागर की औसत गहराई से लगभग तीन गुना अधिक गहरा है।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.1) Solution (b)

NOAA के अनुसार, महासागर की औसत गहराई लगभग 12,100 फीट है तथा सबसे गहरे हिस्से को चैलेंजर डीप कहा जाता है, जो पश्चिमी प्रशांत महासागर की सतह के नीचे स्थित है। यह लगभग 36,200 फीट गहरा है।

**Q.2) 'पर्माफ्रॉस्ट' (Permafrost) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. पर्माफ्रॉस्ट स्वयं हमेशा जमे हुए होते हैं, जबकि सतही परत जो इसे कवर करती है, उन्हें जमे हुए होने की आवश्यकता नहीं होती है।
2. पर्माफ्रॉस्ट का पिघलना ग्रीनहाउस गैसों को जारी कर सकता है।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.2) Solution (c)

पर्माफ्रॉस्ट वह भूमि है जो कम से कम दो साल के लिए 0 डिग्री सेल्सियस या उससे कम तापमान पर पूरी तरह से जमी हुई होती है। इसे पूरी तरह से तापमान और अवधि के आधार पर परिभाषित किया गया है। माना जाता है कि स्थायी रूप से जमी हुई भूमि, जिसमें मिट्टी, रेत और चट्टान होती है, जिसे हिम् द्वारा संयोजित रखा जाता है, हिमनद काल के दौरान इसका निर्माण कई सहस्राब्दियों के दौरान हुआ था।

पर्माफ्रॉस्ट स्वयं हमेशा जमे हुए रहते है, जबकि सतह की परत जो इसे कवर करती है (जिसे "सक्रिय परत" कहा जाता है), के जमे हुए होने की आवश्यकता नहीं होती है। कनाडा और रूस में, उदाहरण के लिए, हजारों किलोमीटर के पर्माफ्रॉस्ट पर हरित टुंड्रा वनस्पति आवरण दिखाई देते हैं। इसकी मोटाई दक्षिण की ओर उत्तरोत्तर कम होती जाती है, तथा कई अन्य कारकों से प्रभावित होती है, जिसमें पृथ्वी की आंतरिक ऊष्मा, बर्फ और वनस्पति आवरण, जल निकायों की उपस्थिति और स्थलाकृति शामिल हैं।

जब पर्माफ्रॉस्ट पिघलते हैं, सूक्ष्म जीवाणु इस कार्बन पदार्थ को विघटित करना आरंभ करते हैं, तो मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसों को जारी करते हैं। शोधकर्ताओं ने अनुमान लगाया है कि औसत तापमान में प्रत्येक 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के लिए, पर्माफ्रॉस्ट मैदान ग्रीनहाउस गैसों को कोयले, तेल और प्राकृतिक गैस से उत्सर्जन के समान 4-6 वर्षों तक के लिए जारी कर सकते हैं - जो अपने आप में जलवायु परिवर्तन का एक प्रमुख कारक बन गया है।

ग्रीनहाउस गैसों के साथ, ये मैदान प्राचीन जीवाणुओं और विषाणुओं को भी वातावरण में छोड़ सकते हैं, क्योंकि वे पिघल जाते हैं।

**Q.3) 'सेरोटोनिन' (Serotonin) निम्न में पाया जाता है**

1. जठरांत्र संबंधी मार्ग (Gastrointestinal tract -GI tract)
2. केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (Central nervous system- CNS)
3. रक्त प्लेटलेट्स (Blood platelets)

**सही कूट का चयन करें:**

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) उपरोक्त सभी

**Q.3) Solution (d)**

यह एक मोनोमाइन न्यूरोट्रांसमीटर (monoamine neurotransmitter) है। इसमें भलाई और प्रसन्नता की भावनाओं के लिए एक योगदानकर्ता के रूप में एक लोकप्रिय छवि होती है, हालांकि इसका वास्तविक जैविक कार्य जटिल और बहुक्रियाशील होता है, जो कि अनुभूति, इनाम, शिक्षा, स्मृति तथा उल्टी और रक्तवहानलियों की सिकुड़न (vasoconstriction) जैसी कई शारीरिक प्रक्रियाओं को संशोधित करता है।

सेरोटोनिन मुख्य रूप से जठरांत्र संबंधी मार्ग (GI tract) में स्थित आंत्रिक तंत्रिका तंत्र (enteric nervous system) में पाया जाता है। हालांकि, यह केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (CNS) में भी उत्पन्न होता है, विशेष रूप से मस्तिष्क स्तंभ (brainstem) में स्थित राफे नाभिक (Raphe nuclei) में। इसके अतिरिक्त, सेरोटोनिन को रक्त प्लेटलेट्स में संग्रहीत किया जाता है तथा व्याकुलता और रक्तवहानलियों की सिकुड़न (vasoconstriction) के दौरान जारी किया जाता है, जहां यह तब अन्य प्लेटलेट्स के लिए प्रचालक (agonist) के रूप में कार्य करता है।

**Q.4) 'क्रिप्टो-जैकिंग' (Crypto-jacking) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है।**

1. यह क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग में साइबर अपराधियों द्वारा आपके कंप्यूटर और उपकरणों का अनधिकृत उपयोग है।
2. क्रिप्टो-जैकिंग स्क्रिप्ट पीड़ित के डेटा का उपयोग नहीं करते हैं लेकिन पीड़ित के सीपीयू के संसाधनों को समाप्त कर देते हैं, जो सिस्टम को धीमा कर देता है।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.4) Solution (c)**

क्रिप्टो-जैकिंग किसी व्यक्ति या व्यक्तियों की सहमति के बिना क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग के लिए कंप्यूटिंग शक्ति का दुर्भावनापूर्ण उपयोग है।

अधिकांश अन्य प्रकार के मैलवेयर के विपरीत, क्रिप्टो-जैकिंग स्क्रिप्ट पीड़ित के डेटा का उपयोग नहीं करते हैं। लेकिन वे सीपीयू के संसाधनों को समाप्त कर देते हैं, जो सिस्टम को धीमा कर देता है, बिजली के उपयोग को बढ़ाता है, तथा हार्डवेयर के लिए अपूरणीय क्षति का कारण बनता है।

**Source: https://www.thehindu.com/news/international/all-about-crypto-jacking/article31740837.ece**

**Q.5) ‘टोसीलिज़ुमैब’ (Tocilizumab), एक दवा है, जिसका COVID-19 के गंभीर रोगियों के इलाज में उपयोग बढ़ा है। इसका मूल रूप से किसके इलाज के लिए उपयोग किया जाता रहा है**

a) मलेरिया
b) हेपेटाइटिस बी और सी
c) रूमेटाइड गठिया (Rheumatoid arthritis)
d) जीका और इबोला वायरस

**Q.5) Solution (c)**

टोसीलिज़ुमैब, मूल रूप से रुमेटाइड गठिया के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा को गंभीर COVID-19 रोगियों के इलाज में उपयोग में वृद्धि देखी जा रही है।

**Q.6) 'नटुना रीजेंसी' (Natuna Regency) अक्सर समाचारों में देखी जाती है। यह कहाँ स्थित है?**

a) पीला सागर
b) बेरिंग सागर
c) दक्षिण चीन सागर
d) अरब की खाड़ी

**Q.6) Solution (c)**

नटुना रीजेंसी 272 द्वीपों का एक द्वीपसमूह है जो दक्षिण चीन सागर के दक्षिण भाग में स्थित है। यह इंडोनेशिया का हिस्सा है। चीन हमेशा की तरह पुनः पड़ोसी देशों (इंडोनेशिया) के प्रदेशों और मामलों में अपने हस्तक्षेप की कोशिश कर रहा है।

**Source: https://indianexpress.com/article/opinion/columns/india-china-ladakh-lac-border-dispute-c-raja-mohan-6449294/**

**Q.7) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. ज़ेलियनग्रोंग लोग त्रिपुरा, मिज़ोरम और मणिपुर के त्रि-जंक्शन (tri-junction) में रहने वाले प्रमुख देशीय समुदायों में से एक हैं।
2. ‘ज़ेलियनग्रोंग आंदोलन’ ने ब्रिटिश भारत के दौरान गति प्राप्त की क्योंकि यह भारत के असहयोग आंदोलन के साथ संयुग्मित था।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.7) Solution (b)**

ज़ेलियनग्रोंग लोग उत्तर पूर्वी भारत के वर्तमान राज्यों असम, मणिपुर और नागालैंड के त्रि-जंक्शन में रहने वाले प्रमुख देशीय समुदायों में से एक हैं।

कुछ विद्वानों ने ज़ेलियनग्रोंग आंदोलन को 'नागा राज' के रूप में संदर्भित किया है। इस आंदोलन ने ब्रिटिश भारत के दौरान गति प्राप्त की क्योंकि यह भारत के असहयोग आंदोलन के साथ संयुग्मित था। हालांकि, जदोनांग की मृत्यु के साथ, आंदोलन एक सामाजिक-धार्मिक सुधार आंदोलन बन गया। पुनर्संरचित धर्म को हेराका के नाम से जाना जाने लगा। हेराका के अनुयायी ज्यादातर असम, नागालैंड और मणिपुर की उत्तरी कछार पहाड़ियों (N.C. Hills) में पाए जाते हैं।

**Read More - http://www.e-pao.net/epSubPageExtractor.asp?src=manipur.History_of_Manipur.Zeliangrong_Movement_Contribution_of_Rani_Gaidinliu_By_Soihiamlung_Dangmei**

**Source: https://indianexpress.com/article/express-sunday-eye/the-fire-last-time-6119649/**

**Q.8) 'गान-नगाई' (Gaan-Ngai) एक त्योहार है, जिसे किसके द्वारा मनाया जाता है**

a) मिश्मी
b) मेइती
c) रियांग (Reang)
d) ज़ेलियनग्रोंग (Zeliangrong)

**Q.8) Solution (d)**

गान-नगाई, जिसे "Chaanan Gaan-Ngai" के रूप में भी जाना जाता है, असम, मणिपुर और नागालैंड के ज़ेलियनग्रोंग लोगों का त्योहार है।

ज़ेलियनग्रोंग लोग भारत में असम, मणिपुर और नागालैंड के त्रि-जंक्शन (tri-junction) में रहने वाले प्रमुख देशीय नागा समुदायों में से एक हैं।

**Source: https://www.aninews.in/news/lifestyle/culture/manipurs-zeliangrong-tribe-celebrates-gaan-ngai-festival20200118224516/**

**Q.9) सरकार के 'आत्म-निर्भर भारत अभियान' के क्या उद्देश्य हैं?**

1. विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को सीमित करना
2. सभी चीनी सामानों का बहिष्कार करना
3. अगले पांच वर्षों में प्रत्येक उत्पाद का आयात समाप्त करना।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) 1 और 2
c) 2 और 3
d) इनमें से कोई भी नहीं

**Q.9) Solution (d)**

सभी विकल्प गलत हैं। सभी विकल्प चरम स्थिति को दर्शाते हैं

एक आत्म-निर्भर भारत एक ऐसा राष्ट्र है जो 'वैश्विक या अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों पर निर्भर हुए बिना अपने स्वयं के उत्पादों और सेवाओं का उत्पादन, निर्माण और उपभोग करेगा। '

इसका आवश्यक रूप से यह अर्थ नहीं है कि, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को सीमित करना, या सभी चीनी सामानों का बहिष्कार करना, या अगले पांच वर्षों में प्रत्येक उत्पाद के आयात को समाप्त करना।

जब यह आत्मनिर्भरता की बात करता है, तो इसका अर्थ संरक्षणवाद या 1991 से पहले की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना नहीं है।

**Source: https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1624661**

**Q.10) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. भारत विश्व में दूध, जूट और दालों का सबसे बड़ा उत्पादक है।
2. भारत विश्व में गन्ना, कपास और मूंगफली का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.10) Solution (c)

भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक, सबसे बड़ा जूट और दालों का उत्पादक, तथा गन्ना, कपास, मूंगफली, फल, सब्जियों और मत्स्य पालन में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। अनाज में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

**Source: https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/third-tranche-of-govts-rs-20-lakh-crore-stimulus-highlights-of-nirmala-sitharamans-speech/articleshow/75757050.cms**

**Q.11) अर्थव्यवस्था में धीमेपन के बावजूद, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार क्यों बढ़ रहा है?**

1. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) द्वारा निवेश में वृद्धि
2. कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट
3. सोने के आयात में गिरावट

**सही कूट का चयन करें:**

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) उपरोक्त सभी

### Q.11) Solution (d)

विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का प्रमुख कारण भारतीय स्टॉक में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) में वृद्धि है। विदेशी निवेशकों ने पिछले दो महीनों में कई भारतीय कंपनियों में बड़े निवेश किए हैं।

दूसरी ओर, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से तेल आयात बिल में कमी आई है, जिससे कीमती विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।

सोने के आयात में पिछले साल दिसंबर से नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है> इससे आयात बिल में कमी आई है।

**Source: https://indianexpress.com/article/explained/explained-india-forex-reserves-covid-19-economic-crisis-6448701/**

**Q.12) विदेशी मुद्रा भंडार के संरक्षक और प्रबंधक के रूप में, निम्नलिखित में से कौन कार्य करता है?**

a) नीति आयोग
b) राजस्व विभाग
c) भारतीय रिजर्व बैंक
d) भारतीय निर्यात-आयात बैंक

### Q.12) Solution (c)

रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार के संरक्षक और प्रबंधक के रूप में कार्य करता है, तथा सरकार के साथ सहमति से समग्र नीतिगत ढांचे के भीतर कार्य करता है। RBI विशिष्ट उद्देश्यों के लिए डॉलर का आवंटन करता है।

**Source: https://indianexpress.com/article/explained/explained-india-forex-reserves-covid-19-economic-crisis-6448701/**

**Q.13) 'वंशधारा नदी' किससे होकर बहती है**

1. ओडिशा
2. आंध्र प्रदेश
3. तेलंगाना

**सही कूट का चयन करें:**

a) केवल 1
b) 2 और 3
c) 1 और 2
d) उपरोक्त सभी

**Q.13) Solution (c)**

ओडिशा और आंध्र प्रदेश में रुशिकुल्या और गोदावरी के बीच वंशधारा नदी या बंशधारा नदी एक महत्वपूर्ण पूर्व की ओर बहने वाली नदी है।

आंध्र प्रदेश नदी पर नेरादी पुल (Neradi bridge) का निर्माण करना चाहता है जो ओडिशा की सहमति के बाद ही संभव होगा।

आंध्र प्रदेश अपनी नागावली नदी की इंटर-लिंकिंग को वंशधारा के साथ पूरा करना चाहता है तथा मद्दुवलसा जलाशय परियोजना का विस्तार करना चाहता है।

**Source: https://www.thehindu.com/news/national/andhra-pradesh/jagan-will-take-up-vamsadhara-waterrow-with-naveen-soon-minister/article31769351.ece**

**Q.14) 'पूनम अवलोकन' (Poonam Avlokan) शब्द किसके साथ संबद्ध है**

a) गिर वन्यजीव अभयारण्य
b) मोइडम (Moidams)
c) प्राचीन जल संचयन अवधारणा
d) केसर की खेती

**Q.14) Solution (a)**

गुजरात वन विभाग ने राज्य में एशियाई शेरों की आबादी की घोषणा की - जो 5 साल पहले शेरों की जनगणना के अनुसार 523 से बढ़कर अब 674 हो गयी है। पिछले वर्षों के विपरीत, इस गणना का अनुमान एक जनगणना के आधार पर नहीं, बल्कि पूनम अवलोकान नामक एक "अवलोकन" अभ्यास से लगाया गया है।

पूनम अवलोकान के माध्यम से, जो प्रत्येक पूर्णिमा को किया जाने वाला एक मासिक इन-हाउस अभ्यास है। फील्ड स्टाफ और अधिकारी 24 घंटे अपने संबंधित अधिकार क्षेत्रों में शेरों और उनके स्थानों का आकलन करने में बिताते हैं। यह 2015 के शेर की जनगणना की तैयारी के हिस्से के रूप में 2014 में वन विभाग द्वारा विकसित एक तंत्र था।

**Source: https://indianexpress.com/article/explained/how-gujarat-estimated-its-lion-population-without-holding-a-census-6453027/**

**Q.15) निम्नलिखित में से कौन 'महासागरीय विऑक्सीकरण' (Ocean deoxygenation) के परिणाम हैं?**

1. जैव विविधता में कमी
2. प्रजातियों के वितरण में बदलाव
3. मत्स्य संसाधनों में कमी
4. शैवाल प्रस्फुटन का बढ़ना

**सही कूट का चयन करें:**

a) 1, 2 और 3
b) 2, 3 और 4
c) 1, 3 और 4
d) उपरोक्त सभी

## Q.15) Solution (d)

महासागरीय-विऑक्सीकरण मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन के सबसे घातक, अभी तक सबसे कम-रिपोर्ट किए गए दुष्प्रभावों में से एक है। विऑक्सीकरण के प्राथमिक कारण यूट्रोफिकेशन (भूमि और सीवेज प्रदूषण से बहते जल में पोषक तत्वों का बढ़ना) और जीवाश्म ईंधन के जलने से नाइट्रोजन का जमाव है, जो सागरीय उष्मन के व्यापक प्रभावों से जुड़ा है। उष्मन से होने वाली ऑक्सीजन की हानि के वैश्विक महासागरीय ऑक्सीजन भंडार के खतरनाक परिणाम हैं, जो पहले से ही 50 साल की अवधि (1960 से 2010 तक) में 2% तक कम हो गए हैं।

महासागरीय ऑक्सीजन की गिरावट के परिणामस्वरूप जैव विविधता में कमी, प्रजातियों के वितरण में बदलाव, मत्स्य संसाधन में विस्थापन या कमी तथा शैवाल प्रस्फुटन का विस्तार शामिल है।

**Source: https://indianexpress.com/article/explained/explained-seas-less-oxygen-pollution-marine-life-6156781/**

**Q.16) 'कृष्णापुरम वेंकटचलापति मंदिर' (Krishnapuram Venkatachalapathy temple) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. यहां की मूर्तियां, नायक कला की उत्कृष्ट उदाहरण हैं।
2. यह मंदिर कृष्णदेवराय ने बनवाया था।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.16) Solution (a)

दक्षिण भारतीय राज्य तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले के एक गाँव कृष्णापुरम में कृष्णापुरम वेंकटचलापति मंदिर (जिसे कृष्णपुरम मंदिर भी कहा जाता है), हिंदू भगवान विष्णु को समर्पित है। वास्तुकला की द्रविड़ शैली में निर्मित, मंदिर नायक वास्तुकला का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

यह शिलालेखों से देखा जा सकता है कि मंदिर का निर्माण मदुरै नायक वंश के संस्थापक विश्वनाथ नायक के पुत्र कृष्णप्पा नायक (1563-72) ने करवाया था।

**Source: https://www.thehindu.com/society/history-and-culture/annamayya-connect-in-faraway-tirunelveli/article31801765.ece**

**Q.17) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. अन्नामचार्य ने भगवान वेंकटेश्वर की स्तुति में संकीर्तन नामक गीतों की रचना की थी।
2. रामचंद्र राय के शासनकाल के दौरान सालुव नरसिम्हराय को चंद्रगिरी के महा मंडलेश्वर की उपाधि दी गई थी।

**सही कथनों का चयन करें**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.17) Solution (a)**

अन्नामचार्य 15 वीं शताब्दी के हिंदू संत थे तथा विष्णु के एक रूप, भगवान वेंकटेश्वर की प्रशंसा में संकीर्तन नामक गीतों की रचना करने वाले सबसे पहले जाने-माने भारतीय संगीतकार थे।

मल्लिकार्जुन राय के शासनकाल में सालुव नरसिम्हा देव राय को चंद्रगिरी के महा मंडलेश्वर की उपाधि दी गई थी। उनके पिता सालुव गुंड चंद्रगिरि के गवर्नर थे।

**Source: https://www.thehindu.com/society/history-and-culture/annamayya-connect-in-faraway-tirunelveli/article31801765.ece**

**Q.18) 'टिड्डी पर्यावरणीय पुस्तिका' (Locust Environmental Booklet) को किसके द्वारा निर्गत किया गया है**

a) खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
b) लांसेंट जर्नल
c) संयुक्त राष्ट्र- पर्यावरण
d) विश्व आर्थिक मंच

**Q.18) Solution (a)**

खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO, यह संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था है, और रोम, इटली में स्थित है) टिड्डों के आक्रमण का मुकाबला करने में इन राष्ट्रों को सलाह और वित्त के साथ सहयोग करता है। एफएओ से सूचनात्मक दस्तावेज, जिसे टिड्डी पर्यावरणीय पुस्तिका (Locust Environmental Booklet) कहा जाता है, टिड्डों के झुंड को संभालने की स्थिति और तरीकों पर एक अद्यतन रिपोर्ट देती है।

**Source: https://www.thehindu.com/sci-tech/science/serotonin-triggers-desert-locust-swarms/article31768088.ece**

**Q.19) निम्न में से कौन सा न्यूरोकेमिकल / हार्मोन टिड्डियों के झुंड के गठन के लिए उत्तरदायी है?**

a) ऑक्सीटोसिन (Oxytocin)
b) सेरोटोनिन (Serotonin)
c) प्रोलैक्टिन (Prolactin)
d) प्रोजेस्टेरोन (Progesterone)

**Q.19) Solution (b)**

सेरोटोनिन वास्तव में झुंड के गठन के लिए उत्तरदायी है।

**Source: https://www.thehindu.com/sci-tech/science/serotonin-triggers-desert-locust-swarms/article31768088.ece**

**Q.20) 'एपिस सेराना' (Apis Cerana) और 'एपिस फ्लोरिया' (Apis Florea) प्रजाति हैं?**

a) मधुमक्खियों (Honey Bees)
b) मॉरमन तितलियां (Mormon Butterflies)
c) वेस्पिड ततैया (Vespid Wasps)
d) टिड्डियों (Locusts)

**Q.20) Solution (a)**

वे मधुमक्खियों की प्रजाति हैं।

**Source: [https://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/reviving-the-bees-of-bundelkhand/article31811139.ece](https://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/reviving-the-bees-of-bundelkhand/article31811139.ece)**

## STATIC QUIZ

**Q.1) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. हड़प्पा सभ्यता नाम इसलिए पड़ा क्योंकि हड़प्पा, सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे बड़ा स्थल है।
2. हड़प्पाई सील कार्नेलियन (Carnelian) से बनी हुई है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.1) Solution (c)**

सिंधु घाटी सभ्यता (IVC) को हड़प्पा सभ्यता भी कहा जाता है, क्योंकि यह सिंधु घाटी सभ्यता में खोजे जाने वाला प्रथम स्थल है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

हड़प्पाई सील शैलखड़ी (स्टेटाइट/ Steatite) नामक पत्थर से बनी है।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.2) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. मोहनजोदड़ो में पाया गया गढ़/ दुर्ग (Citadel), निचले नगर की तुलना में बहुत बड़ा है।
2. दुर्ग को दीवारों से घेरा गया है, जबकि निचला नगर खुला हुआ है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1

b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.2) Solution (d)

मोहनजोदड़ो में पाया गया दुर्ग, निचले नगर की तुलना में बहुत छोटा है। हालांकि, निचले नगर की तुलना में दुर्ग अपेक्षाकृत अधिक ऊंचाई पर स्थित है।

दुर्ग इस तथ्य के कारण ऊंचाई पर स्थित है क्योंकि इमारतों को मिट्टी के बने ईंटों के ऊँचे चबूतरे पर निर्मित किया गया था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

दुर्ग और निचला नगर दोनों दीवार से घिरे हुए हैं।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.3) बौद्ध स्तूप के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. स्तूप की संरचना में, अंड हर्मिका के ऊपर स्थित था।
2. यष्टि (Yashti) एक बालकनी जैसी संरचना है जो देवताओं के निवास का प्रतिनिधित्व करती है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.3) Solution (d)

स्तूप की उत्पत्ति पृथ्वी के एक साधारण अर्ध-वृत्ताकार टीले के रूप में हुई, जिसे बाद में अंड कहा गया।

स्तूप की संरचना में, हर्मिका, अंड के ऊपर स्थित होती है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

हर्मिका एक बालकनी जैसी संरचना है, जो देवताओं के निवास का प्रतिनिधित्व करती है।

हर्मिका से ऊपर उठने वाली यष्टि नामक एक मस्तूल थी, जिसे अक्सर छत्री या छत्र द्वारा निर्मित किया जाता था। टीले के चारों ओर एक रेलिंग थी, जिसे वेदिका कहा जाता था, जो पवित्र स्थान को संसार से अलग करती थी।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.4) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. बौद्ध मूर्तिकला में, खाली स्थान (empty Seat) महापरिनिर्वाण का प्रतिनिधित्व करने के लिए था।
2. प्रतीक चक्र (Wheel) बुद्ध के प्रथम उपदेश को दर्शाता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.4) Solution (a)**

बौद्ध मूर्तिकला में, खाली स्थान बुद्ध की ध्यान मुद्रा (meditation) को इंगित करने के लिए था तथा स्तूप महापरिनिर्वाण का प्रतिनिधित्व करने के लिए था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

प्रतीक चक्र, सारनाथ में दिए गए बुद्ध के प्रथम उपदेश को दर्शाता है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.5) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. थोटलकोंडा का महास्तूप मध्य प्रदेश राज्य में स्थित है।
2. धामेख स्तूप गुजरात राज्य में स्थित है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.5) Solution (d)**

थोटलकोंडा का महास्तूप आंध्र प्रदेश की थोटलकोंडा पहाड़ियों में स्थित है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

धामेख स्तूप उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित है।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.6) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. भारत में शिलाकृत मंदिर पल्लवों द्वारा प्रस्तुत किए गए थे।
2. पंचपांडव रथ मंदिर पांच अलग-अलग शैलियों का प्रतिनिधित्व करने वाले एकाश्म मंदिर हैं।
3. महेंद्रवर्मन प्रथम पल्लवों के मध्य शिला-कृत वास्तुकला के लिए अग्रणी थे।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 2 और 3
b) केवल 3
c) केवल 1 और 2
d) कोई नहीं

### Q.6) Solution (d)

पल्लवों ने चट्टानों/ शिलाओं से मंदिरों के उत्खनन की कला प्रस्तुत की।

मंदिर वास्तुकला की द्रविड़ शैली पल्लव शासन से आरंभ हुई।

महेंद्रवर्मन प्रथम ने शिला-कृत मंदिरों की शुरुआत की।

पांच रथ, जिन्हें पंचपांडव रथ के नाम से जाना जाता है, मंदिर वास्तुकला की पांच विभिन्न शैलियों को दर्शाता है।

**Q.7) नागर शैली मंदिर और द्रविड़ शैली मंदिर के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें?**

1. नागर मंदिरों में गर्भगृह होते हैं जबकि द्रविड़ मंदिरों नहीं होते हैं।
2. नागर और द्रविड़, दोनों मंदिरों में मंडप पाए जाते हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

### Q.7) Solution (b)

- द्रविड़ शैली मंदिरों में गोपुरम नामक विशाल द्वार होते हैं जबकि नागर शैली मंदिरों में ऐसी संरचनाएं नहीं पायी जाती हैं।
- नागर मंदिरों के शिखर घुमावदार/ वक्रीय (curved) होते हैं जबकि द्रविड़ मंदिरों के विमान में पिरामिडनुमा आकृति होती है।
- नागर और द्रविड़ मंदिर दोनों में गर्भगृह होते हैं जहां मुख्य देवता की मूर्ति रखी गई है।
- नागर और द्रविड़ दोनों मंदिरों में मंडप होते हैं।

**Q.8) भारतीय-इस्लामी वास्तुकला के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. मुस्लिम वास्तुकला किसी भी सतह पर किसी भी जीवित रूपों की प्रतिकृति को प्रतिबंधित करती है।

2. कुतुब मीनार का निर्माण कुतुब-उद-दीन ऐबक, इल्तुतमिश और फिरोजशाह तुगलक द्वारा किया गया है

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.8) Solution (d)

- हिंदु वास्तुकला के विपरीत, जिन्होंने अपने धार्मिक विश्वास के भाग के रूप में कई जीवित रूपों में हर जगह भगवान की अभिव्यक्ति की परिकल्पना की, मुस्लिमों ने किसी भी सतह पर जीवित रूपों की प्रतिकृति को प्रतिबंधित किया।
- 1200 ईस्वी में, दिल्ली सल्तनत के संस्थापक कुतुब अल-दीन ऐबक ने कुतुब मीनार का निर्माण कार्य आरंभ किया। 1220 में, ऐबक के उत्तराधिकारी इल्तुतमिश ने टॉवर में तीन मंजिले और जोड़ी। 1369 में, फिरोज शाह तुगलक ने पुनर्स्थापन का कार्य किया और इसे पूरा करवाया।

**Q.9) निम्नलिखित में से कौन से युग्म सही ढंग से सुमेलित हैं:**

| | **मंदिर** | | **स्थान** |
|---|---|---|---|
| 1. | दिलवाड़ा मंदिर | : | उत्तराखंड |
| 2. | तुंगनाथ मंदिर | : | राजस्थान |
| 3. | महाबलीपुरम मंदिर | : | तमिलनाडु |
| 4. | मुंडेश्वरी देवी मंदिर | : | बिहार |

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 3 और 4
d) उपरोक्त सभी

## Q.9) Solution (c)

1. दिलवाड़ा मंदिर: राजस्थान
2. तुंगनाथ मंदिर: उत्तराखंड
3. महाबलीपुरम मंदिर: तमिलनाडु
4. मुंडेश्वरी देवी मंदिर: बिहार

**Q.10) वास्तुकला की वेसर शैली के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह 'नागर' और 'द्रविड़' शैलियों का संयोजन है।
2. बेलूर और हलेबिड में होयसल मंदिर, वेसर शैली के उदाहरण हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.10) Solution (c)**

- वास्तुकला की वेसर शैली मूल रूप से 'नागर' और 'द्रविड़' शैलियों का संयोजन है, जो क्रमशः उत्तर भारत और दक्षिण भारत की विशिष्ट शैलियां हैं।
- बेलूर, हलेबिड और सोमनाथपुरा में होयसल मंदिर वेसर शैली के प्रमुख उदाहरण हैं।

**Q.11) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. बुद्ध के चेहरे और आकृतियों को बनाने वाला गांधार स्कूल प्रथम था।
2. मथुरा में बुद्ध की आकृति, यक्ष आकृतियों की तर्ज पर बनाई गई है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 11) Solution (a)**

मथुरा स्कूल द्वारा बुद्ध के चेहरे और आकृतियों को सर्वप्रथम बनाया गया था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

मथुरा में बुद्ध की आकृति, यक्ष आकृतियों की तर्ज पर बनाई गई है, जबकि गांधार स्कूल में हेलेनिस्टिक (यूनानी-रोमन) विशेषताएं हैं।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 12) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. औरंगज़ेब के अंतर्गत मुगल चित्रकला स्कूल अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंच गया था।
2. मधुबनी लोक कला गुजरात की पारंपरिक कला है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 12) Solution (d)**

मुगल चित्रकला स्कूल जहांगीर के अधीन अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंच गया था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

मिथिला चित्रकला, जिसे मधुबनी लोक कला के रूप में भी जाना जाता है, बिहार के मिथिला क्षेत्र की पारंपरिक कला है। ये गांव की महिलाओं द्वारा बनाए जाते हैं जिसमें कुछ मिट्टी के रंगों के साथ सब्जियों से प्राप्त रंगों का उपयोग करके त्रि-आयामी चित्र बनाते हैं।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q. 13) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. भारतीय संगीत की प्राचीनतम परंपरा के बारे में यजुर्वेद से पता लगाया जा सकता है।

2. प्रदर्शन कला के साथ विशेष रूप से संबंधित सबसे प्राचीन कृति मतंग कृत बृहद्देशी है

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q. 13) Solution (d)

भारतीय संगीत की सबसे प्राचीनतम परंपरा के बारे में सामवेद से पता लगाया जा सकता है, जिसमें संगीत में शामिल किए जाने वाले श्लोक सम्मिलित थे।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

प्रदर्शन कला के साथ विशेष रूप से संबंधित सबसे प्राचीन कृति भरतमुनि का नाट्यशास्त्र (दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व और दूसरी शताब्दी ईस्वी के मध्य संकलित) है जिसमें संगीत पर छह अध्याय हैं।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q. 14) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. धमार, ठुमरी, टप्पा कर्नाटक संगीत की विभिन्न शैलियाँ हैं।
2. हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के संगीतकार आमतौर पर एक घराने से संबद्ध होते हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q. 14) Solution (a)

हिंदुस्तानी संगीत की विभिन्न शैलियों में ध्रुपद, धमार, ठुमरी, ख्याल और टप्पा शामिल हैं।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के संगीतकार आमतौर पर एक घराने या संगीत की एक विशेष शैली से संबद्ध होते हैं। घराने संगीतकारों के वंशानुगत संबंध का उल्लेख करते हैं जो शैली के मूल का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा उन्हें दूसरे से अलग करते हैं। घराने गुरु-शिष्य परंपरा के रूप में कार्य करते हैं।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 15) निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही रूप से सुमेलित है / हैं:**

| | **नाटक** | **लेखक** |
|---|---|---|
| 1. | सत्य हरीश चंद्र | बाणभट्ट |
| 2. | पद्मावती | भारतेन्दु |
| 3. | नील देवी | जय शंकर प्रसाद |

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें**

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3

c) केवल 1 और 2
d) कोई नहीं

**Q. 15) Solution (d)**

| | नाटक | लेखक |
|---|---|---|
| 1. | सत्य हरीश चंद्र | भारतेंदु |
| 2. | पद्मावती | मधुसूदन |
| 3. | नील देवी | भारतेंदु |
| 4. | मेघदूतम | कालिदास |
| 5. | हर्षचरितम | बाणभट्ट |

**Q. 16) मुगल कालीन लघु चित्रकला (Miniature Paintings) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. धार्मिक अनुष्ठान और पौराणिक कथाएं इन लघु चित्रों का मुख्य विषय थीं
2. शिकार के दृश्य और दरबारों के दृश्यों को भी इन चित्रों में चित्रित किया गया था

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 16) Solution (b)**

लघु चित्रकला शासक उन्मुख थी; इन चित्रों में शासक का महिमामंडन मुख्य विषय था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

दरबार के दृश्यों, शिकार के दृश्यों को भी चित्रित किया गया है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 17) निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही रूप से सुमेलित है / हैं:**

| | **लोक रंगमंच** | **:** | **स्थान** |
|---|---|---|---|
| 1. | भांड पाथेर | : | जम्मू और कश्मीर |
| 2. | लरिते (Larite) | : | महाराष्ट्र |
| 3. | जात्रा | : | पश्चिम बंगाल |
| 4. | स्वांग (Swang) | : | असम |

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

a) केवल 1, 3 और 4
b) केवल 1 और 4
c) केवल 1, 2 और 3
d) 1, 2, 3 और 4

**Q. 17) Solution (c)**

स्वांग राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश का एक लोक रंगमंच है।

**Q. 18) थांगका/ थांका चित्रकला (Thangka Paintings) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह चित्रकला मुख्य रूप से मणिपुर में पायी जाती है।
2. थांगका में केंद्रीय आकृति सदैव केवल बुद्ध की ही होती है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 18) Solution (d)**

थंगका सिक्किम की विशिष्ट चित्रकला है

थांका / थांगका धार्मिक स्क्रॉल हैं जो सिक्किम के मठों और घरों में लटके पाए जाते हैं।

एक थांका में केंद्रीय आकृति सदैव बुद्ध या किसी अन्य देवता या महायान बौद्ध धर्म के बोधिसत्व की होती है

**इसलिए दोनों कथन गलत हैं।**

**Q. 19) कुंधेई, बोम्मलट्टम किसका एक उदाहरण हैं**

a) केरल का रंगमंच रूप।
b) धागा या स्ट्रिंग कठपुतली का एक रूप।
c) रंगमंच रूप, जो नृत्य और संगीत का संयोजन है।
d) कर्नाटक का लोक नृत्य।

**Q. 19) Solution (b)**

कुंधेई, बोम्मलट्टम, गोम्बीयाट्टा, कठपुतली आदि धागा या स्ट्रिंग कठपुतली का एक उदाहरण हैं।

**Q.20) भारत के 'छऊ नृत्य' (Chau Dance) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह भारत के शास्त्रीय नृत्यों में से एक है।
2. इसका प्रदर्शन केवल झारखंड और पश्चिम बंगाल में किया जाता है।
3. इसका प्रदर्शन चैत्र पर्व के वसंत त्योहार के दौरान किया जाता है।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही नहीं है?**

a) केवल 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 2
d) इनमें से कोई भी नहीं

**Q.20) Solution (c)**

यह एक शास्त्रीय नृत्य नहीं है। यह एक आदिवासी मार्शल नृत्य है जो पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा में प्रसिद्ध है।

**इसलिए कथन 1 और 2 गलत हैं।**

छऊ नृत्य मुख्य रूप से क्षेत्रीय त्योहारों, विशेष रूप से चैत्र पर्व के वसंत त्यौहार के दौरान प्रदर्शित किया जाता है, जो तेरह दिनों तक चलता है तथा जिसमें पूरा समुदाय भाग लेता है।

**इसलिए कथन 3 सही है।**

**Q. 21) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. ललितविस्तार सबसे पवित्र हीनयान ग्रंथ है।
2. महावस्तु, महायान के सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 21) Solution (c)**

ललितविस्तार सबसे पवित्र महायान ग्रन्थ है जो अश्वघोष के बुद्धचरित के लिए साहित्यिक सामग्री की आपूर्ति करता है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

हीनयान स्कूल का सबसे महत्वपूर्ण कार्य महावस्तु है जो कहानियों का संकलन है।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q. 22) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. अष्टदिग्गजों ने गौतमीपुत्र सातकर्णी के दरबार को सुशोभित किया था।
2. स्वप्न वासवदत्तम, शूद्रक द्वारा लिखा गया है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 22) Solution (d)**

अष्टदिग्गज (आठ तेलुगु साहित्यकार) ने कृष्णदेवराय (विजयनगर के सम्राट) के दरबार को सुशोभित किया था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

स्वप्न वासवदत्तम भास द्वारा लिखित है।

मृच्छकटिकम शूद्रक द्वारा लिखा गया है।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q. 23) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. प्राचीन ब्राह्मी से उर्दू की उत्पत्ति हुई है
2. मूल रूप से इकबाल का ‘सारे जहां से अच्छा’ उर्दू में लिखा गया है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 23) Solution (b)**

अध्ययनों से संकेत मिलता है कि, उर्दू को छोड़कर, वर्तमान उत्तर भारतीय भाषाओं की सभी लिपियाँ प्राचीन ब्राह्मी में अपना मूल स्थान रखती हैं।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

इकबाल की उर्दू शायरी उनके संग्रह में उपलब्ध है जिसे 'बांग-ए-दरा' कहा जाता है। उनके द्वारा 'सारे जहाँ से अच्छा हिंदोस्ताँ हमारा' उर्दू में लिखा गया है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 24) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. आदि ग्रंथ में केवल गुरु नानक की कविताएँ हैं।
2. तुजेक-ए-बाबरी मुगल सम्राट बाबर द्वारा लिखी गई है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 24) Solution (a)**

आदि ग्रंथ में कई सिख गुरुओं, जैसे गुरु अंगद, गुरु तेग बहादुर की कविताएँ शामिल हैं।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

बाबर स्वयं फारसी का एक बड़ा विद्वान था। उन्होंने तुजेक-ए-बाबरी के नाम से एक पुस्तक लिखी, जिसका तुर्की साहित्य में विशिष्ट स्थान है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 25) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. आर्यभट्ट का विचार है कि हमारा ग्रह पृथ्वी अचल (immovable) है।
2. चरक संहिता में शल्य चिकित्सा में प्रयुक्त 101 उपकरणों का वर्णन मिलता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 25) Solution (d)**

हमारा ग्रह पृथ्वी 'अचल' (immovable) है, इस लोकप्रिय दृष्टिकोण की उपेक्षा करते हुए, आर्यभट्ट ने अपने सिद्धांत में कहा कि 'पृथ्वी गोल है और अपनी धुरी पर घूमती है'

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

चरक संहिता चिकित्सा (medicine) पर एक उल्लेखनीय पुस्तक है। इसमें बड़ी संख्या में बीमारियों का वर्णन है तथा उनके कारणों की पहचान के साथ-साथ उनके उपचार की विधियां भी बताई गई है।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q. 26) बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह भारतीय राष्ट्रवाद से संबद्ध था और रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा नेतृत्व किया गया था।
2. भारत में बंगाल स्कूल के प्रभाव में 1920 के दशक में आधुनिकतावादी विचारों के प्रसार के साथ गिरावट आई।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q. 26) Solution (b)

बंगाल स्कूल ऑफ आर्ट भारतीय राष्ट्रवाद (स्वदेशी) से संबद्ध था तथा इसका नेतृत्व अबनिंद्रनाथ टैगोर ने किया था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

भारत में बंगाल स्कूल के प्रभाव में 1920 के दशक में आधुनिकतावादी विचारों के प्रसार के साथ गिरावट आई।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 27) संगम ग्रंथ, ऋग्वैदिक ग्रंथों से कैसे भिन्न हैं, इस संबंध में निम्नलिखित पर विचार करें:**

1. संगम ग्रंथ धार्मिक साहित्य को समाहित नहीं करते हैं। इस प्रकार, वे प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष थे।
2. संगम साहित्य, दीर्घ एवं लघु कहानियों का संग्रह हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों 1 और 2
d) न तो 1 और न ही 2

## Q. 27) Solution (a)

संगम ग्रंथ धार्मिक साहित्य को समाहित नहीं करते हैं। दीर्घ एवं लघु कविताओं की रचना कई कवियों ने कई नायकों और नायिकाओं की प्रशंसा में की थी। इस प्रकार, वे प्रकृति में धर्मनिरपेक्ष हैं।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

संगम साहित्य कई नायकों और नायिकाओं की प्रशंसा में विभिन्न कवियों द्वारा रचित दीर्घ एवं लघु कविताओं का संग्रह हैं।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q. 28) निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है / हैं:**

**साहित्यिक रचनाएँ: निम्न द्वारा लिखित**

1. हर्षचरित: बाणभट्ट
2. रामचरित: संध्याकर नंदी
3. विक्रमांकदेवचरित: कल्हण
4. मुशिका वंश: बिल्हण

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

a) केवल 1, 3 और 4
b) केवल 3 और 4
c) केवल 1, 2 और 3
d) केवल 3

**Q. 28) Solution (b)**

विक्रमांकदेवचरित बिल्हण द्वारा लिखी गई है।

मुशिका वंश अतुल द्वारा लिखी गई है।

राजतरंगिणी या 'राजाओं की धारा' कल्हण द्वारा लिखी गई है।

**Q. 29) कबीर की शिक्षाओं के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है?**

1. उन्होंने जाति और धार्मिक विभेदों की निंदा की।
2. वे ईश्वर की एकता और निराकारता (formlessness) में विश्वास करते थे।
3. उन्होंने सच्चे ज्ञान और मोक्ष को खोजने के लिए तपस्या का सुझाव दिया।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके असत्य कथन चुनें:**

a) केवल 2
b) केवल 3
c) केवल 1 और 3
d) इनमें से कोई भी नहीं

**Q. 29) Solution (b)**

उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए प्रचार किया।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

उन्होंने भगवान (निर्गुण) की एकता और निराकारता पर जोर दिया।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

उनका मानना था कि सच्चे ज्ञान और मोक्ष के लिए तपस्या और किताबी ज्ञान आवश्यक नहीं है।

**इसलिए कथन 3 गलत है।**

**Q.30) आरंभिक संगम तमिल कविताएँ पाँच पर्यावरणीय क्षेत्रों के बारे में बात करती हैं। इस संदर्भ में 'मरुतम' (Marutam) का संदर्भ किससे है:**

a) पहाड़ी और जंगल
b) निचली पहाड़ियों और कम घने जंगलों वाली चरागाह भूमि
c) उपजाऊ कृषि मैदान
d) समुद्री तटों

**Q. 30) Solution (c)**

उल्लिखित पांच पर्यावरणीय क्षेत्र हैं

'कुरिन्जी' - पहाड़ी और जंगल

'मुलई'- निचली पहाड़ियों और कम घने जंगलों के साथ चरागाह भूमि

'मरुतम' - उपजाऊ कृषि मैदान

'नेयतल'- समुद्री तट

'पलई'- शुष्क क्षेत्र

**Q. 31) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. बंगाल में, पहली अंग्रेजी फैक्ट्री 1651 में हुगली नदी के तट पर स्थापित की गई थी।
2. औरंगजेब ने ईस्ट इंडिया कंपनी को शुल्क मुक्त व्यापार करने का अधिकार देते हुए फरमान जारी किया था।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 31) Solution (d)**

बंगाल में, पहली अंग्रेजी फैक्ट्री 1651 में हुगली नदी के तट पर स्थापित की गई थी।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

औरंगजेब ने ईस्ट इंडिया कंपनी को शुल्क मुक्त व्यापार करने का अधिकार देते हुए फरमान जारी किया था।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 32) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. प्लासी के युद्ध के बाद, अलीवर्दी खान को बंगाल का नवाब बनाया गया था।
2. बक्सर के युद्ध के बाद, मीर जाफर को बंगाल के नवाब के रूप में पुनः स्थापित किया गया।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 32) Solution (b)**

प्लासी में हार के बाद, सिराजुद्दौला की हत्या कर दी गई थी और मीर जाफर को नवाब बनाया गया था।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

मीर कासिम बक्सर (1764) में लड़े गए युद्ध में हार गया था, तथा मीर जाफ़र को बंगाल के नवाब के रूप में पुनः स्थापित किया गया था।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 33) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध के बाद, पेशवा को हटा दिया गया था तथा एक पेंशन के साथ कानपुर भेज दिया गया था।
2. लॉर्ड हेस्टिंग्स ने सर्वोपरि (Paramountcy) की नीति आरंभ की।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

### Q. 33) Solution (b)

1817-19 के तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध ने मराठा शक्ति को कुचल दिया। पेशवा को हटाकर पेंशन के साथ कानपुर के पास बिठूर भेज दिया गया।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

लॉर्ड हेस्टिंग्स (1813 से 1823 तक गवर्नर-जनरल) के अंतर्गत "सर्वोपरि" की एक नई नीति आरंभ की गई थी।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 34) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. राजशाही के लिए एक महिला उत्तराधिकारी की उपस्थिति के बावजूद व्यपगत के सिद्धांत (Doctrine of Lapse) एक राज्य पर लागू होंगे।
2. सिंध को कंपनी ने व्यपगत के सिद्धांत का उपयोग करते हुए अधिग्रहित किया था।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

### Q. 34) Solution (b)

व्यपगत के सिद्धांत (Doctrine of Lapse) ने घोषणा की कि यदि एक भारतीय शासक एक पुरुष उत्तराधिकारी के बिना मर गया तो उसका राज्य अधिग्रहित किया जाएगा। इसलिए, यहां तक कि अगर राज्य में एक महिला उत्तराधिकारी है, तो भी व्यपगत का सिद्धांत लागू किया जा सकता है।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

1843 में सिंध को कंपनी द्वारा अधिग्रहित किया गया तथा इसे व्यपगत के सिद्धांत के तहत अधिग्रहित नहीं किया गया था।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q. 35) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. 1770 में फौजदारी अदालत एक जिले में दीवानी न्यायालय (Civil Court) के लिए प्रयुक्त शब्द था।
2. यहां तक कि, स्थायी बंदोबस्त के तहत लगान हर तीन साल में एक बार संशोधित किया जाता था।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q. 35) Solution (d)**

1770 में फौजदारीअदालत शब्द का प्रयोग एक जिले में आपराधिक न्यायालय (Criminal Court) के लिए किया गया था। दीवानी अदालत सिविल न्यायालय के लिए प्रयुक्त शब्द है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

स्थायी बंदोबस्त के तहत भुगतान की जाने वाली राशि को स्थायी रूप से तय किया गया था, अर्थात इसे भविष्य में कभी भी बढ़ाया नहीं जाना था।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q. 36) 1773 के विनियमन अधिनियम (Regulating Act of 1773) के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट का गठन किया गया।
2. इसने भारत का पहला गवर्नर-जनरल नियुक्त किया।
3. इसने कंपनी के कर्मचारियों को उपहार और रिश्वत लेने से प्रतिबंधित कर दिया।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

**Q. 36) Solution (c)**

1773 के विनियमन अधिनियम के प्रावधान:

कलकत्ता में एक सुप्रीम कोर्ट का गठन किया गया

**इसलिए कथन 1 सही है।**

सहायता करने के लिए चार लोगों की परिषद सहित बंगाल के गवर्नर जनरल का कार्यालय स्थापित किया गया था।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

इसने कंपनी के कर्मचारियों को किसी भी उपहार और रिश्वत प्राप्त करने से प्रतिबंधित कर दिया।

**इसलिए कथन 3 सही है।**

**Q. 37) इल्बर्ट बिल के बारे में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है / हैं?**

1. भारतीय न्यायाधीश द्वारा यूरोपीय नागरिकों की न्यायिक सुनवाई किया जा सकता है।
2. भारतीय भाषाओं में प्रकाशित समाचार पत्रों और पत्रिकाओं पर प्रतिबंध लगाया गया।
3. भारतीयों द्वारा हथियार रखने पर प्रतिबंध लगाया गया।
4. अकाल के दौरान भू-राजस्व पर अतिरिक्त कर लगाया गया।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 2, 3 और 4
d) केवल 3

## Q. 37) Solution (c)

'इलबर्ट बिल' 1883 में प्रस्तुत किया गया एक बिल था।

उक्त अधिनियम के अनुसार, भारतीय न्यायाधीश एक यूरोपीय अभियुक्त की न्यायिक सुनवाई कर सकते थे।

**Q. 38) रैयतवाड़ी व्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. मद्रास में रैयतवाड़ी व्यवस्था गवर्नर-जनरल विलियम बेंटिक के कार्यकाल के दौरान प्रस्तुत की गई थी।
2. भू-राजस्व सीधे किसान या रैयत से एकत्र किया जाता था।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

## Q. 38) Solution (b)

1820 में मद्रास के गवर्नर सर थॉमस मुनरो द्वारा रैयतवाड़ी भू-राजस्व व्यवस्था स्थापित की गई थी। यह मद्रास और बॉम्बे क्षेत्रों, साथ ही साथ असम और कूर्ग प्रांतों में प्रचलित थी।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

भू-राजस्व सीधे किसान या रैयत से एकत्र किया जाता था।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q. 39) तृतीय कर्नाटक युद्ध के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. यह यूरोप के सप्तवर्षीय युद्ध का विस्तार था।
2. फ्रांस सरकार ने सर आयर कूट की कमान के तहत एक शक्तिशाली सेना भेजी थी।
3. पेरिस की संधि पर हस्ताक्षर करने के साथ युद्ध समाप्त हुआ था।

**उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1 और 2

b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) उपरोक्त सभी

**Q. 39) Solution (c)**

1756 में, यूरोप में सप्तवर्षीय युद्ध के दौरान, दोनों राष्ट्रों के बीच भारत में भी युद्ध आरंभ हो गया। भारत में इसे तृतीय कर्नाटक युद्ध माना जाता था।

फ्रांसीसी सरकार ने काउंट डे लाली की कमान के तहत एक शक्तिशाली सेना भेजी थी।

उन्हें पांडिचेरी से सेवानिवृत्त होने के लिए मजबूर किया गया तथा 1760 में वांडिवाश की लड़ाई में सर आइर कूट से पराजित हुए थे।

फ्रांसीसी अंग्रेजों से पराजित हुए और अपने अधिकारों को अन्य क्षेत्रों में भी खो दिया था।

पेरिस की संधि पर हस्ताक्षर के साथ युद्ध समाप्त हो गया था।

**Q.40) तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. इसमें एक तरफ टीपू सुल्तान, मराठों और निजाम तथा दूसरी तरफ अंग्रेजों के मध्य लड़ा गया था
2. टीपू द्वारा अंग्रेजों पर हमला युद्ध का तात्कालिक कारण बना था।
3. मैसूर संधि पर हस्ताक्षर के साथ युद्ध समाप्त हुआ था।

**उपरोक्त में से कौन सा कथन असत्य है?**

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 3
d) 1, 2 और 3

**Q.40) Solution (d)**

तृतीय आंग्ल-मैसूर युद्ध एक तरफ टीपू सुल्तान की सेना तथा दूसरी तरफ मराठों, ब्रिटिश और निज़ाम की संयुक्त सेनाओं के बीच लड़ा गया था।

त्रावणकोर के राजा के खिलाफ टीपू का अभियान युद्ध का तत्काल कारण बना था, तथा अंग्रेजों ने शीघ्रता से राजा का पक्ष लिया था।

टीपू पराजित हुआ था तथा श्रीरंगपट्टम की संधि पर हस्ताक्षर के साथ युद्ध समाप्त हुआ था।